# लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022



## यूपी फिर माँगे भाजपा सरकार

भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

# भाजपा का संकल्प, बनेगा यूपी नंबर 1



# मानानीय मुख्यमंत्री का संदेश

सम्मानित भाइयों- बहनों ,

पाँच वर्ष पहले जब हम आपके पास आए थे, तब हमारा उत्तर प्रदेश विभिन्न समस्याओं के साथ जूझ रहा था - गुंडाराज, भ्रष्टाचार, नियुक्तियों में भेद-भाव, बहन-बेटियाँ असुरक्षित, आस्था के स्मारकों का तिरस्कार इत्यादि। उस समय, भारतीय जनता पार्टी ने यह संकल्प लिया था की इन सभी समस्याओं का निवारण कर हम उत्तर प्रदेश को विकास की राह पर अग्रसर करेंगे। इस संकल्प को सिद्ध करने हेतु, हमने पिछले 5 वर्षों में निरंतर प्रयास किए हैं, जिसका परिणाम यह है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।

हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में प्रदेश में बिजली, पानी, मकान, राशन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का कार्य किया है। 2017 के लोक कल्याण संकल्प पत्र के अंतर्गत, हमने प्रदेश में चौमुखी विकास कर प्रदेश के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ने का प्रण लिया था। चाहे वह किसानों की क़र्ज़ माफ़ी हो, एम.एस.पी. पर अभूतपूर्व स्तर पर सरकार द्वारा फसलों की खरीद हो, 33 नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो, नए एक्सप्रेस-वे एवं अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो, श्रमिक वर्गों को आर्थिक सहयोग हो या महिलाओं की सुरक्षा के लिए एंटी-रोमियो स्क्वॉड हो, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनता के सभी वर्गों के लिए, जो कहा था, वो करके दिखाया है। हमारे संकल्प काग़ज़ के फूल नहीं, पत्थर की लकीर होते हैं।

यह चुनाव सिर्फ विधानसभा का ही चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव प्रदेश के विकास का चुनाव है। प्रदेश के एवं आपके भविष्य का चुनाव है। यह चुनाव आस्थाओं के सम्मान का चुनाव है, इस प्रदेश की गौरवशाली सनातन संस्कृति के सम्मान का चुनाव है। इस सब को मद्देनज़र रखते हुए, आज हम फिर आपके सामने प्रदेश को नंबर 1 बनाने एवं निरंतर विकास का संकल्प लेकर आए हैं - यह लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022, प्रदेश की जनता के लिए, हमारा अगले 5 वर्षों का विज़न है। मैं आशा करता हूँ कि हमारे पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों और इस संकल्प पत्र को देख आप, आगामी चुनावों में फिर कमल का बटन दबाकर, उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे और हम साथ मिलकर, उत्तर प्रदेश को नंबर 1 राज्य बनाएंगे।

वंदे मातरम्।



**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का संदेश

मेरे प्यारे भाइयों और बहनों,

पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी का कहना था कि 'भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति एवं समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है'। भारतीय जनता पार्टी का मूल सिद्धांत 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,' इसी विचारधारा को दर्शाता है। 2017 में जब आपके स्नेह और विश्वास से हमारी सरकार बनी थी, तब हमारा उद्देश्य था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों का विकास हो।

भारतीय जनता पार्टी ने यह प्रयत्न किया कि जनता की आवाज़ हम तक पहुंचे। 2017 में हमने एक अनोखी पहल शुरु करी थी - 'यूपी के मन की बात', इसके आधार पर हमने अपना 'लोक कल्याण संकल्प पत्र 2017' जारी किया था। पिछले 5 वर्षों में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस संकल्प पत्र के प्रत्येक वचन को पूरा करने का प्रयास किया है; चाहे वह अवैध क़त्लखानों को बंद करना हो, गन्ना किसानों का बकाया चुकाना हो या 3 नए महिला पुलिस बटालियन की स्थापना हो माननीय श्री नरेंद्र मोदी और श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, पिछले 5 वर्षों में प्रदेश ने विकास की नई बुलंदियों स्थापित की है।

इसी वजह से, जनता की मांग के कारण, हमने अपने घोषणा पत्र बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत 'यूपी नम्बर 1 - सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान से की, जिसके अंतर्गत करोड़ों यूपी वासियों ने हम तक, विभिन्न माध्यमों द्वारा, अपनी आकांक्षाएं पहुँचाई। जनता तक पहुँचने के लिए हमने प्रदेश के कोने-कोने में वीडियो वैन चलाई, हज़ारों सुझाव पेटियां पूरे प्रदेश में रखवाई, मिस्ड कॉल नम्बर जारी किया जिससे एक फ़ोन कॉल द्वारा लोग अपना संदेश हम तक पहुँचा सके और साथ ही हमारे कार्यकर्ता भी पहुँचे जनता के द्वार। विभिन्न सामाजिक समूहों (जैसे किसान, श्रमिक, व्यापारी, सेल्फ-हेल्प ग्रुप आदि) के साथ हमने बैठकें की ताकि हमारे संकल्प पत्र में उनके सुझाव भी हो।

यह केवल एक चुनाव का संकल्प पत्र नहीं है, बल्कि इस प्रदेश की जनता से हमारा संकल्प है, प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सबका सामूहिक विज़न है। मैं आशा करता हूँ कि जिस प्रकार आपने हम पर 5 वर्ष पहले भरोसा किया था, इस संकल्प पत्र के आधार पर आप एक बार और यूपी में कमल खिलाएँगे।

भारत माता की जय।





**स्वतंत्र देव सिंह**
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

# भाजपा घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष का संदेश

मेरे प्रिय भाइयों और बहनों,

पिछले 5 वर्षों में भाजपा सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य से आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। आज हमने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र के 95% से ज्यादा संकल्पों को पूर्ण कर लिया है, जिसका लाभ करोड़ों प्रदेश वासियों को मिला है। हमने किसानों के लिए ऋण माफ़ी, गरीब कल्याण कार्ड धारकों को राशन में तेल, दाल आदि भी कम दरों में प्रदान करने जैसे संकल्प लिए थे एवं उन्हें पूर्ण भी किया है।

भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र के माध्यम से उत्तर प्रदेश में आने वाले 5 वर्षों के लिए अपना संकल्प प्रदेश की 22 करोड़ से अधिक जनता के सामने प्रस्तुत कर रही है। भाजपा के इस संकल्प पत्र में प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं एवं आशाओं का समावेश है एवं प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की रुपरेखा है। आज हमें यह संकल्प पत्र प्रदेश की जनता के सामने रखते हुए गर्व हो रहा है। 'यूपी नंबर 1 - सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान के माध्यम से 'सबका साथ, सबका विकास एवं सबसे संवाद' के सूत्र को अपनाकर हमने प्रदेश के सभी वर्गों, समाजों से व्यापक संवाद एवं विचार-विमर्श कर उनकी आकांक्षाओं एवं सुझावों को सम्मिलित करने का कार्य किया है।

भाजपा द्वारा करीब एक महीने तक सम्पूर्ण प्रदेश में 'यूपी नंबर 1' अभियान चलाकर विभिन्न माध्यमों से जुड़ते हुए प्रदेश के करोड़ों लोगों से मिलकर उनकी आकांक्षाएं एकत्रित की गई है। हमारा यह संकल्प पत्र प्रदेश के करोड़ों लोगों की अभिव्यक्ति का पत्र है। इस अभियान में सभी 403 विधानसभाओं के कुल मिलाकर 4 करोड़ से अधिक लोगों से जन-संपर्क, मिस्ड कॉल, बैठकें, सभा, सम्मेलनों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़कर उनके सुझावों को एकत्रित किया गया।

यह संकल्प पत्र उन करोड़ों लोगों की आवाज़ों के मंथन का परिणाम है, जिन्होंने मौजूदा शासन में विश्वास दिखाते हुए प्रदेश निर्माण की जिम्मेदारी में अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। भाजपा उत्तर प्रदेश की जनता का बहुत आभारी है जिन्होंने इतनी भारी मात्रा में आकांक्षा एवं सुझाव हम तक पहुंचाएं। इस संकल्प पत्र को प्रकाशित करके हम फिर से सरकार बनाने के बाद उत्तर प्रदेश के लोगों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प लेते हैं।

जय हिन्द।



**सुरेश कुमार खन्ना**
अध्यक्ष, घोषणा पत्र समिति
भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश

# भाजपा ने करके दिखाया है

| 2017 से पहले | 2017 के बाद |
|---|---|
| किसानों की कर्जमाफी शून्य | ₹36 हज़ार करोड़ से 86 लाख किसानों की कर्जमाफी |
| किसानों की मदद शून्य | पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में यूपी नंबर 1<br>2.5 करोड़ किसानों को ₹6,000 वार्षिक मदद |
| ₹90 हजार करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान (2012-2017) | रिकॉर्ड ₹1.57 लाख करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान करके यूपी देश में अग्रणी |
| महिलाओं को मिला असुरक्षित वातावरण | महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी, वीरांगना ऊदा देवी और वीरांगना झलकारी बाई महिला बटालियन का गठन |
| मुफ्त गैस शून्य | 1.67 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने वाला पहला प्रदेश |
| गरीबों का हुआ शोषण, श्रमिकों को पोषण भत्ता शून्य पेंशन योजना ₹300/माह | गरीब कल्याण के लिए तत्पर 15 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त अनाज, 3 करोड़ मजदूरों को मार्च 2022 तक ₹500 रुपये/माह का भत्ता एवं 98 लाख नागरिकों को ₹1,000/माह |
| युवाओं को नाम मात्र नौकरी | 5 लाख युवाओं को बिना किसी भेदभाव के सरकारी नौकरियां एवं 3 लाख को संविदा पर नौकरियां |
| सरकारी स्कूलों की बदहाली | 1.4 लाख सरकारी स्कूलों का कायाकल्प |
| एम्स का संचालन शून्य, सिर्फ़ 15 जिले में मेडिकल कॉलेज का संचालन | रायबरेली और गोरखपुर में एम्स का निर्माण एवं संचालन, 59 मेडिकल कॉलेज का निर्माण और संचालन |
| भ्रष्टाचार में नंबर 1, माफियाओं का राज | प्रदेश को दिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन<br>माफ़ियाओं की ₹1866 करोड़ की अवैध सम्पत्तियाँ जब्त |
| बीमारू प्रदेश, इन्वेस्टर्स का पलायन, कागजों में निवेश | उत्तर प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था |
| 2 एक्सप्रेस-वे एवं 2 एयरपोर्ट | 5 एक्सप्रेस-वे एवं 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला पहला प्रदेश |
| शौचालय निर्माण शून्य | 2.61 करोड़ शौचालय का निर्माण, स्वच्छ भारत में यूपी नंबर 1 |

# भाजपा फिर करके दिखाएगी



# यूपी नंबर 1 के लिए भाजपा के संकल्प

## समृद्ध कृषि

- अगले 5 वर्षों में हम **सभी किसानों** को सिंचाई के लिए **मुफ्त बिजली** उपलब्ध कराएंगे।
- हम **₹5,000 करोड़** की लागत के साथ मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत **सभी लघु एवं सीमांत किसानों** के लिए **बोरवेल, ट्यूबवेल, तालाब एवं टैंक निर्माण** के लिए अनुदान प्रदान करेंगे।
- हम **₹25,000 करोड़** की लागत के साथ **सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** बनाकर प्रदेश भर में **छँटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चेम्बर्स, गोदाम, प्रोसेसिंग सेंटर** आदि का निर्माण करेंगे।
- हम **₹1,000 करोड़** का **भामाशाह भाव स्थिरता कोष** बनाकर किसानों को **आलू, टमाटर एवं प्याज** जैसी सभी फसलों का **न्यूनतम मूल्य** सुनिश्चित करेंगे।
- हम **₹5,000 करोड़** की लागत के साथ **गन्ना मिल नवीनीकरण मिशन** के अंतर्गत **चीनी मिलों का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण** करेंगे। साथ ही, स्थानीय मांग के अनुसार प्रदेश में नई सहकारी चीनी मिलें स्थापित करेंगे।
- हम अगले 5 वर्षों में सरकार द्वारा **न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** पर **गेहूं एवं धान** की खरीद को और मजबूत करेंगे।
- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि **गन्ना किसानों को 14 दिनों के भीतर उनका भुगतान प्राप्त** हो, और देरी से होने वाले भुगतान के लिए मिलों से ब्याज वसूल करके गन्ना किसानों को ब्याज समेत भुगतान किया जाएगा।
- हम अगले 5 वर्षों में **₹1,000 करोड़** की लागत द्वारा प्रदेश को, **नन्द बाबा दुग्ध मिशन** के अन्तर्गत, दुग्ध उत्पादन में **अग्रणी राज्य** बनाए रखेंगे। इसके लिए हम गाँवों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादकों को गाँव में ही

उनके दूध के **उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा** उपलब्ध कराएँगे।

- हम **प्रधानमंत्री कुसुम योजना** के अंतर्गत किसानों को **सोलर पंप** प्रदान करते रहेंगे। साथ ही, हम किसानों की आय बढ़ाने के लिए **सौर ऊर्जा से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली** को बेचने की उचित व्यवस्था करेंगे।
- हम **4,000 नए फसल-विशिष्ट एफ.पी.ओ. (FPO)** स्थापित करके, प्रत्येक एफ.पी.ओ. को **₹18 लाख** तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **मिशन प्राकृतिक खेती** के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में प्रत्येक ग्राम में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देंगे।
- हम प्रदेश में **6 मेगा फूड पार्क** विकसित करेंगे।
- हम प्रदेश में **निषादराज बोट सब्सिडी योजना** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत मछुआरों को **₹1 लाख** तक की नाव **40% सब्सिडी** पर उपलब्ध कराएंगे। हम मछली बीज उत्पादन यूनिट स्थापित करने के लिए **25% तक की सब्सिडी** प्रदान करेंगे एवं 6 अल्ट्रा मॉडल मत्स्य मंडी स्थापित करेंगे।

## सशक्त नारी

- हम **मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना** के अंतर्गत वित्तीय सहायता को **₹15 हजार से बढ़ाकर ₹25 हजार** तक करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुदान योजना** के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों के विवाह हेतु **₹1 लाख तक** की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के सभी लाभार्थियों को **होली तथा दीपावली पर 2 मुफ्त एल.पी.जी. सिलेंडर** प्रदान करेंगे।
- हम **60 वर्ष** से अधिक **उम्र की महिलाओं** के लिए **सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा** की व्यवस्था करेंगे।
- हम ₹1,000 करोड़ की लागत के साथ **मिशन पिंक टॉयलेट** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत सभी **सार्वजनिक स्थलों में महिलाओं के लिए शौचालय निर्माण एवं रखरखाव** सुनिश्चित करेंगे।
- हम **विधवा एवं निराश्रित महिलाओं** के लिए पेंशन को बढ़ाकर **₹1,500 प्रतिमाह** करेंगे।
- हम **3 नई महिला बटालियन** के नेटवर्क का विस्तार कर उसे दोगुना करते हुए **महिलाओं की सुरक्षा** और भी सुनिश्चित करेंगे।
- हम **सभी सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों** के पास **सी.सी.टी.वी. कैमरे** लगवाएंगे एवं **3,000 पिंक पुलिस बूथ** स्थापित करेंगे।
- हम **₹5,000 करोड़** की लागत के साथ **अवन्ति बाई लोधी स्वयं सहायता समूह (SHG) मिशन** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत 5 लाख नए महिला स्वयं सहायता समूह बनाई जाएंगी।
- हम स्वयं सहायता समूह में काम करने वाली लगभग **1 करोड़ महिलाओं** को **आत्मनिर्भर एस.एच.जी. क्रेडिट कार्ड** के माध्यम से **₹1 लाख तक का ऋण** न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराएंगे।
- हम **लोक सेवा आयोग (UPPSC)** सहित सभी **सरकारी नौकरियों** में महिलाओं की संख्या को **दोगुना** करेंगे।
- हम कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु **रानी लक्ष्मी बाई योजना** के अंतर्गत **मुफ्त स्कूटी** वितरित करेंगे।
- हम सभी **आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं** एवं **स्वास्थ्य सखियों** को आयुष्मान भारत के अंतर्गत **स्वास्थ्य बीमा,** मिशन मोड पर प्रदान करेंगे।
- हम **₹500 करोड़** की लागत के साथ **स्टेट टैलेंट सर्च एंड डेवलपमेंट स्कीम** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत चुनी गई **महिला एथलीटों को ₹5 लाख** तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

# सुगम शिक्षा

- हम **ऑपरेशन कायाकल्प** के अंतर्गत सभी **प्राथमिक विद्यालयों** में बच्चों के **अनुकूल फर्नीचर जैसे टेबल, बेंच** आदि उपलब्ध कराएंगे तथा उन्हें **स्मार्ट विद्यालयों** के रुप में विकसित करेंगे।
- हम **माध्यमिक** विद्यालय नवीनीकरण मिशन शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश के **30,000 माध्यमिक विद्यालयों** के बुनियादी ढांचे का **नवीनीकरण** किया जाएगा -
  - ऑडियो-वीडियो प्रोजेक्टर के साथ स्मार्ट क्लास रुम का निर्माण करेंगे
  - पुस्तकालय का निर्माण करेंगे
  - कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं आर्ट रुम का निर्माण करेंगे
  - वाई-फाई की व्यवस्था करेंगे।
- हम **हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश के कॉलेजों (आई.टी.आई. एवं पॉलीटेक्निक समेत) के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण किया जाएगा -
  - प्रत्येक महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट क्लास रुम की व्यवस्था करेंगे
  - एस.टी.ई.एम.(STEM) पाठ्यक्रमों के अंतर्गत आने वाली प्रयोगशालाओं के नवीनीकरण की व्यवस्था करेंगे
  - वैज्ञानिक एवं तकनीकी पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।
- हम यह सुनिश्चित करेंगे कि **हर मण्डल में** कम से कम **एक विश्वविद्यालय** हो।
- हम **अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर** एवं **वर्ल्ड क्लास** सुविधाओं के साथ **विश्वविद्यालयों के निर्माण** को पूरा करेंगे -
  - अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
  - आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय
  - सहारनपुर में माँ शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय
  - लखनऊ में यूपी इंस्टीट्यूट ऑफ पुलिस एंड फॉरेंसिक साइंस
  - अयोध्या में आयुर्वेद के लिए आयुष शैक्षणिक संस्थान
  - गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय
  - प्रयागराज में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेशनल लॉ विश्वविद्यालय
  - मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय।
- हम लखनऊ एवं नोएडा में डिजिटल अध्ययन अकादमी की स्थापना करेंगे।
- हम **₹2,500 करोड़** की लागत के साथ **विश्वकर्मा तकनीकी उन्नयन कार्यक्रम** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत युवाओं के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए एक ब्लॉक में एक **आई.टी.आई.** की स्थापना करेंगे।
- हम सभी महापुरुषों तथा **स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों** की जीवन गाथाओं को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे।

# सक्षम युवा

- हमने पिछले 5 वर्षों में **3 करोड़** से अधिक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। अगले 5 वर्षों में, हम **हर परिवार** में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार का अवसर प्रदान करेंगे।
- हम प्रदेश सरकार की **सभी विभागीय रिक्तियों** को **शीघ्रता** से भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।
- हम **इच्छुक युवाओं को अभ्युदय योजना** के अंतर्गत यू.पी.एस.सी., यू.पी.पी.एस.सी., एन.डी.ए., सी.डी.एस., जे.ई.ई., एन.आई.आई.टी., टी.ई.टी., क्लैट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के

लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान करेंगे।

- हम **स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना** के अंतर्गत **2 करोड़ टैब्लेट अथवा स्मार्टफ़ोन** वितरित करेंगे।
- हम **मेजर ध्यानचंद खेल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों एवं कॉलेजों समेत **पूरे प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर** का निर्माण एवं नवीनीकरण करेंगे।
- हम सभी **सरकारी खेल प्रशिक्षण अकादमियों** में प्रशिक्षित प्रत्येक खिलाड़ी को **मुफ्त स्पोर्ट्स किट एवं उपकरण** वितरित करेंगे।
- हम **प्रत्येक ग्राम पंचायत** में **जिम एवं खेल मैदान स्थापित** करेंगे।
- हम **हर ब्लॉक** में क्रिकेट प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगे, साथ ही प्रदेश में विभिन्न **खेलों के लिए अकादमी** की स्थापना करेंगे।
- हम खिलाड़ियों को **वित्तीय सहायता** उपलब्ध कराएंगे।
- हम स्कूल और कॉलेज स्तर पर **योग शिक्षकों** की भर्ती समयबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे।

## स्वस्थ प्रदेश

- हम प्रदेश के **हर जिले में आधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं से युक्त सरकारी मेडिकल कॉलेजों** की स्थापना के लक्ष्य को पूरा करेंगे।
- हम लगभग **₹30,000 करोड़** के निवेश के साथ **6 धन्वंतरि मेगा हेल्थ पार्क** स्थापित करेंगे, जिनके अंतर्गत बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य एवं सर्जिकल उपकरणों और दवाओं जैसी चिकित्सीय सुविधाओं के उत्पादन का विस्तार कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएंगे।
- हम **₹10,000 करोड़ की लागत के साथ महर्षि सुश्रुत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** के अंतर्गत प्रदेश में हर स्तर पर सुचारु स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं नवीनीकरण करेंगे।
- हम मिशन जीरो की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गत डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, निमोनिया, ज़ीका वायरस, जापानी एन्सेफलाइटिस एवं कालाजार जैसी वेक्टर बोर्न बीमारियों को **मिटाने** की पहल करेंगे।
- हम अत्याधुनिक लाइफ सपोर्ट सुविधा से लैस **एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना** करेंगे।
- हम प्रत्येक जिले में **डायलिसिस केंद्र** स्थापित कर किडनी रोगियों को लाभ पहुंचाएंगे।
- हम प्रदेश में एम.बी.बी.एस. जैसे मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए **सीटों की संख्या को दोगुना** करेंगे।
- हम **6,000 डॉक्टरों एवं 10,000 पैरा-मेडिकल स्टाफ** की नियुक्ति शीघ्र करेंगे।
- हम प्रदेश में **जन औषधि केंद्र के नेटवर्क का विस्तार कर सभी नागरिकों को कम कीमत में ज़रूरी दवाइयां** उपलब्ध कराएंगे।
- हम **2025 तक उत्तर प्रदेश को टी-बी मुक्त** बनाएंगे।

## सुशासन

- हम **गुंडे, अपराधी और माफ़िया के खिलाफ कार्यवाही** इसी दृढ़ता से आगे भी जारी रखेंगे।
- हम प्रदेश के सभी नागरिकों को 339 सरकारी सेवाएं निश्चित अवधि प्रदान कर रहे हैं। हम इसमें और वृद्धि करेंगे।
- हम तहसील स्तर पर **तहसील दिवस** के दौरान **जनता दरबार** का आयोजन जारी रखेंगे।
- हम प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में **एंटी-करप्शन ऑर्गनाइजेशन यूनिट** स्थापित करेंगे।
- हम मेरठ में **कोतवाल धन सिंह गुर्जर अत्याधुनिक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर** स्थापित करेंगे।
- हम लव जिहाद करने पर कम से कम **10 वर्षों की**

**सजा और ₹1 लाख** के जुर्माने का प्रबंध सुनिश्चित करेंगे।

- हम आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए देवबंद में **एंटी-टेररिस्ट कमांडो सेंटर** का निर्माण पूर्ण करेंगे तथा **मेरठ, रामपुर, आजमगढ़, कानपुर एवं बहराइच** में इसी तरह **एंटी-टेररिस्ट कमांडो सेंटरों** का निर्माण करेंगे।
- हम प्रदेश के **प्रत्येक पुलिस स्टेशन में एक साइबर हेल्प डेस्क (सी.एच.डी.)** स्थापित करेंगे।
- हम सभी **पुलिस कर्मियों (महिलाओं एवं पुरुषों) के लिए बैरक की व्यवस्था** उपलब्ध कराएंगे।
- हम **पुलिस विभाग के कर्मियों को आवास की सुविधा प्रदान करने के लिए भवनों का निर्माण, मरम्मत आदि का कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण** करेंगे।

## अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास

- हम उत्तर प्रदेश को देश की **नंबर 1** अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम उत्तर प्रदेश की **प्रति व्यक्ति आय को दोगुना** करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम उत्तर प्रदेश में लगभग **₹10 लाख करोड़** के **निवेश** को आकर्षित करेंगे।
- हम **ईज ऑफ डूइंग बिजनेस** की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को **नंबर 1** बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम **अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन** शुरु करके सभी मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर का नवीनीकरण करेंगे।
- हमने पिछले 5 वर्षों में **एक जनपद एक उत्पाद योजना** शुरु करके हर जिले के एक उत्पाद को पहचान दी एवं 25 लाख रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। अगले 5 वर्षों में निर्यात एवं **रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसरों को **दोगुना** करेंगे।
- हम बुंदेलखंड में **जनरल बिपिन रावत डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर** का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा करेंगे।
- हम प्रदेश में **5 विश्व स्तरीय एक्जीबिशन** और **अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर** स्थापित करेंगे।
- हम **सभी एक्सप्रेस-वे** के निकट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित करेंगे जिससे **5 लाख युवाओं को रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसर प्रदान होंगे। इसके अंतर्गत **हैंडलूम, फ़ूड प्रोसेसिंग, स्टोरेज प्लांट, रसायन, दवा एवं मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग उद्योग आदि को बढ़ावा देंगे।**
- हम प्रदेश में **3 अत्याधुनिक डाटा सेंटर पार्क** स्थापित करेंगे।
- हम **आत्मनिर्भर युवा स्टार्ट-अप मिशन** बनाकर **10 लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसर प्रदान करेंगे और हम **स्टार्ट-अप रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को नंबर 1** बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हम **तीन इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर** स्थापित करके **4 लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम **कानपुर में मेगा लेदर पार्क** स्थापित करके 2 लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम अगले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाकर **5 लाख रोजगार अथवा स्वरोजगार** के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME)** के लिए **6 औद्योगिक पार्कों** के निर्माण को पूरा करेंगे जहां लाखों युवाओं को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम **संभाग स्तर पर आईटी पार्क** की स्थापना कर, लाखों रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।
- हम मछली उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के

लिए जिला स्तर पर इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क स्थापित करेंगे।

## आधारभूत संरचना

- हम **बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना** शुरु करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश के सभी गाँवों का समग्र विकास करेंगे -
  - प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हर गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ेंगे
  - गाँवों में पक्के ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था बनाकर जल निकासी की समस्या को दूर करेंगे
  - प्रत्येक ग्राम पंचायत में बस स्टॉप का निर्माण करेंगे
  - गाँवों की सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगाएंगे
  - हर ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे।
- 2024 तक हम **जल जीवन मिशन** के अंतर्गत, प्रदेश के **हर घर को नल से स्वच्छ जल** उपलब्ध कराएंगे।
- हम अगले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश में देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का रिकॉर्ड समय में निर्माण पूर्ण करेंगे -
  - 594 किलोमीटर का गंगा एक्सप्रेस-वे
  - एलिवेटेड कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे
  - गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे
  - बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे
  - बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे।
- हम यू.पी.एस.आर.टी.सी. के अंतर्गत **बसों का आधुनिकीकरण** करेंगे एवं बस में पैनिक बटन की सुविधा सुनिश्चित करेंगे।
- हम **काशी, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, झांसी** और **प्रयागराज मेट्रो परियोजनाओं** पर काम करेंगे।
- हम **एविएशन उद्योग** में रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए **जेवर को एक एविएशन इनोवेशन एवं रिसर्च सेंटर** के साथ रखरखाव और ऑपरेशन (MRO) हब के रूप में विकसित करेंगे।
- हम **अयोध्या इंटरनेशनल हवाई अड्डे** का निर्माण पूर्ण करेंगे।
- हम रेल मार्ग, जल मार्ग और हवाई अड्डे के निर्माण को डबल इंजन की सरकार द्वारा और गति देंगे।
- हम अगले 5 वर्षों में **25 विश्वस्तरीय प्रमुख बस डिपो का निर्माण अथवा आधुनिकीकरण करेंगे।**
- हम **वाराणसी, मिर्जापुर और चित्रकूट में रोप-वे सेवा विकसित** करेंगे।
- हम **2,000 नई बसों** के माध्यम से सभी **गाँवों में बस सुविधा सुनिश्चित** करेंगे।

## सबका साथ सबका विकास

- **हर बेघर को घर** - हम सभी गरीब, आवासहीन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमन्तु जाति, पिछड़ा व वंचित एवं अन्य गरीब परिवारों को **आवासीय पट्टे की भूमि** तथा आवास की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।
- हम प्रदेश में **माँ अन्नपूर्णा कैंटीन** स्थापित करेंगे, जिसके अंतर्गत गरीबों के लिए न्यूनतम मूल्य पर भोजन की व्यवस्था करेंगे।
- हम पिछड़ा वर्ग समुदायों के सदस्यों को आवेदन के **15 दिनों** के अंदर एवं नवजात शिशुओं को जन्म प्रमाण पत्र के साथ **जाति प्रमाण पत्र** वितरण करने की व्यवस्था करेंगे।
- हम प्रदेश में **मछुआरा समुदाय के युवाओं** के लिए रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए नदियों के पास **लाइफ गार्ड** की नियुक्ति करेंगे।
- हम **प्रशिक्षण अकादमियों** की स्थापना करेंगे, जिनमें **ओ.बी.सी. युवाओं** को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए **मुफ्त कोचिंग** प्रदान की

जाएगी।

- हम अनुसूचित जाति समुदायों के सदस्यों को आवेदन के **15 दिनों** के अंदर एवं नवजात शिशुओं को जन्म प्रमाण पत्र के साथ **जाति प्रमाण पत्र** वितरण करने की व्यवस्था करेंगे।
- हम **नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ रेप्यूट** में प्रवेश पाने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों की शिक्षा के लिए 100% वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
- हम **संत रविदास मिशन** के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जिले में अनुसूचित जाति के बालकों और बालिकाओं के लिए **राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय (ATS)** स्थापित करेंगे।
- हम **ई.डब्ल्यू.एस. कल्याण बोर्ड** का गठन कर ई.डब्ल्यू.एस. के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण एवं **10% ई.डब्ल्यू.एस. आरक्षण** के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे।
- हम **वरिष्ठ नागरिकों** की **पेंशन को बढ़ाकर ₹1,500 प्रतिमाह** करेंगे।
- हम **दिव्यांगों की पेंशन को बढ़ाकर ₹1,500** प्रतिमाह करेंगे।
- हम निर्माण श्रमिकों को **₹1 लाख तक का कोलैटरल फ्री ऋण** प्रदान करने के लिए उन्हें **श्रमिक क्रेडिट कार्ड (एस.सी.सी.)** देंगे।
- हम प्रत्येक संभाग में मजदूरों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए **अटल आवासीय विद्यालय** के निर्माण को पूर्ण करेंगे।
- हम सभी निर्माण श्रमिकों को **मुफ्त जीवन बीमा** प्रदान करेंगे।
- हम निर्माण श्रमिकों के बच्चों को **स्नातक स्तर तक मुफ्त शिक्षा** प्रदान करेंगे।
- हम **विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना** का विस्तार करते हुए **मुफ्त कौशल विकास** प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
- हम सभी शहरों में **टाउन वेंडिंग कमेटी** की स्थापना करेंगे एवं नए **वेंडिंग जोन** बनाएंगे।
- हम सभी **स्ट्रीट हॉकर्स एवं ई-कॉमर्स** से जुड़े डिलीवरी बॉयज **को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना** से जोड़ेंगे।
- हम ई-कॉमर्स से जुड़े डिलीवरी बॉयज को सरकार की **विभिन्न लाभकारी योजनाओं** में शामिल करेंगे।
- हम सभी शहरों में **ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट** सुविधाओं के साथ ऑटो रिक्शा स्टैंड एवं पार्किंग स्थल बनाएंगे।
- हम सभी ऑटो रिक्शा एवं टैक्सी चालकों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत **₹5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान** करेंगे।

## सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन

- हम **महर्षि वाल्मीकि** का चित्रकूट में, **संत रविदास** का बनारस में, **निषादराज गुह्य** का श्रृंगवेरपुर में एवं **डॉ भीम राव अम्बेडकर** की स्मृति में सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना करेंगे।
- हम लखनऊ में **महाराजा बिजली पासी** किले को लाइट एवं साउंड शो जैसी सुविधाओं के माध्यम से एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे।
- हम बहराइच में **महाराजा सुहेलदेव** की स्मृति में भव्य स्मारक का निर्माण पूर्ण करेंगे।
- हम **महर्षि वाल्मीकि** आश्रम एवं सीतामढ़ी स्थल का नवीनीकरण करके, इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेंगे।
- हम अयोध्या में श्री राम से संबंधित संस्कृति, शास्त्रों एवं धार्मिक तथ्यों पर शोध के लिए **रामायण विश्वविद्यालय** को स्थापित करेंगे।
- हम कुंभ मेला 2019 के सफल आयोजन के बाद **महाकुंभ 2025** का भव्य आयोजन विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ करेंगे।
- हम बुजुर्ग संतों, पुजारियों एवं पुरोहितों के समग्र

कल्याण की योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए एक **विशेष बोर्ड** बनाएंगे।

- हम **ऑनलाइन एकीकृत** मंदिर सूचना प्रणाली (ITIS) लॉन्च करेंगे, जो मंदिरों का विवरण प्रदान करेगी और जिसमें उनके इतिहास एवं रूट मैप्स जैसी जानकारी शामिल होगी।
- हम छात्रों के लिए **मुफ्त ऑनलाइन संस्कृत** प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
- हम मथुरा में **सूरदास ब्रजभाषा अकादमी** की स्थापना करेंगे, जो ब्रजभाषा साहित्य को पुनर्स्थापित करने में सहायक होगी।
- हम **गोस्वामी तुलसीदास अवधी अकादमी** की स्थापना करेंगे, जो समृद्ध अवधी साहित्य को समर्पित होगी।
- हम **केशवदास बुंदेली अकादमी** की स्थापना करेंगे, जो बुंदेली साहित्य को पुनर्स्थापित करने में सहायक होगी।
- हम **संत कबीर दास भोजपुरी अकादमी** की स्थापना करेंगे, जिससे हम देश भर के लोगों को इस समृद्ध भाषा को सीखने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम **₹10,000 करोड़** के निवेश के साथ नोएडा में **ग्रैंड फिल्म सिटी** का निर्माण पूर्ण करेंगे।
- हम प्रदेश में शूट होने वाली हिंदी, भोजपुरी, अवधी एवं ब्रज भाषा की फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए **₹2 करोड़** तक की नकद प्रोत्साहन राशि, बिजली सब्सिडी एवं टैक्स सब्सिडी प्रदान करेंगे।
- हम **लता मंगेशकर परफॉर्मिंग आर्ट्स अकादमी** की स्थापना करेंगे, जिसके अंतर्गत प्रदेश के लोक नृत्य, संगीत एवं रंगमंच को लोकप्रिय बनाने एवं इनसे जुड़े कलाकारों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।





# भारतीय जनता पार्टी,
# उत्तर प्रदेश



**भाजपा का संकल्प, बनेगा यूपी नंबर 1**